# कार्यालय : वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

वन भवन, ब्लॉक-'ए' पुरूलिया रोड़, चास, बोकारो-827013

Email – cf-bokaro@gov.in, bokarocf@gmail.com, cfbokaro@rediffmail.com मो० – 8987790301

पत्रांक : ..................., दिनांक : ...........................................

सेवा में,

क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक,
बोकारो।

**विषय :–** **भारतमाला परियोजना (जैनामोड़–गोला–ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 99.7862 हे0 (बोकारो वन प्रमण्डल अंतर्गत 66.5436 हे0 एवं रामगढ़ वन प्रमण्डल अंतर्गत 28.9869 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।**

प्रसंग :– प्रधान मुख्य वन सरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, राँची पत्रांक 94 दिनांक 02.02.2023 एवं भवदीय का कार्यालय ज्ञापांक 298 दिनांक 07.02.2023।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रधान मुख्य वन सरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, राँची के प्रासंगिक पत्र द्वारा भारतमाला परियोजना (जैनामोड़–गोला–ओरमांझी खण्ड) पथ निर्माण हेतु 99.7862 हे0 (बोकारो वन प्रमण्डल अंतर्गत 66.5436 हे0 एवं रामगढ़ वन प्रमण्डल अंतर्गत 28.9869 हे0) वनभूमि अपयोजन प्रस्ताव के क्रम में कुल 5 बिन्दुओं पर पृच्छा करते हुए निराकरण प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी, बोकारो वन प्रमण्डल के पत्रांक 440 दिनांक 16.02.2023 एवं वन प्रमण्डल पदाधिकारी, रामगढ़ वन प्रमण्डल के पत्रांक 297 दिनांक 20.02.2023 के द्वारा उक्त पृच्छा का निराकरण प्रतिवेदन समर्पित किया गया है, जो निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | बिन्दुओं की विवरणी | प्रयोक्ता अभिकरण का अनुपालन प्रतिवेदन | मंतव्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | बोकारो वन प्रमंडल में कुल 59.6084 हे0 जंगल–झाड़ उपयोग हेतु उपायुक्त, बोकारो के पत्रांक 2709/(रा) दिनांक 10.10.2022 द्वारा आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग को अग्रसारित किया गया है परन्तु आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं है। | आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के द्वारा उनके ज्ञापांक सं0–39(घ)–01/2023 233/रा0 हजारीबाग, दिनांक 09.02.2023 से बोकारो वन प्रमंडल में कुल 59.6084 हे0 जंगल–झाड़ हेतु अनापत्ति पत्र निर्गत किया गया है (प्रति संलग्न)। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल, हजारीबाग के स्तर से निर्गत 59.6084 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि का अनापत्ति प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है, जो संलग्न है। |

| क्र0 सं0 | बिन्दुओं की विवरणी | प्रयोक्ता अभिकरण का अनुपालन प्रतिवेदन | मंतव्य |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 2 | उपायुक्त, रामगढ़ के पत्रांक 1439/क0, 1440/क0 दिनांक 22.10.2022 एवं पत्रांक 1447/क0 दिनांक 28.10.2022 द्वारा निर्गत FRA प्रमाण–पत्र प्राप्त है साथ ही इस क्रम में आमसभा/ग्रामसभा की बैठक की कार्रवाई की प्रति संलग्न है। परन्तु, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में 28.9869 हे0 वन भूमि हेतु FRA प्रमाण पत्र निर्गत नहीं है। | अनुपालन प्रतिवेदन निर्धारित प्रपत्र में रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी को पत्रांक सं0 1399 दिनांक 09.02.2023 से समर्पित किया गया है। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा उपायुक्त, रामगढ़ के ज्ञापांक 164 दिनांक 07.02.2023 से निर्गत 21.0144 हे0 हेतु निर्धारित प्रपत्र (Form-I) में FRA प्रमाण–पत्र समर्पित किया गया है, जो संलग्न है। शेष 7.9725 हे0 (मौजा–बोंगई एवं पांचा) से से संबंधित FRA प्रमाण–पत्र हेतु वचनबद्धता संलग्न की गई है। |
| 3 | उपायुक्त, बोकारो से FRA प्रमाण पत्र अभी प्राप्त नहीं है इस हेतु प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा बचनबद्धता दी गयी है। | उपायुक्त, बोकारो से FRA प्रमाण पत्र प्रक्रिया में है जिस कारण बचनबद्धता दी गयी है। FRA प्रमाण पत्र प्राप्त होते ही विभाग को समर्पित किया जाएगा। | बोकारो वन प्रमण्डल से संबंधित FRA अनापत्ति पत्र प्राप्त नहीं है। |
| 4 | भारत सरकार, द्वारा निर्धारित प्रपत्र Part-II में वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो द्वारा अभियुक्ति दर्ज करते हुए प्रतिहस्ताक्षरित कर Website अपलोड नहीं किया गया है। | Not pertain to this office. | भारत सरकार, द्वारा निर्धारित प्रपत्र Part-II में वन प्रमंडल पदाधिकारी, बोकारो द्वारा अभियुक्ति दर्ज करते हुए प्रतिहस्ताक्षरित कर Additional Documents के रूप में Website पर अपलोड कर दिया गया है। |
| 5 | प्रयाक्ता अभिकरण द्वारा मात्र वनभूमि का ही KML file अपलोड़ किया गया है। गैर–वनभूमि का KML file अपलोड नहीं किया गया है जबकि इस परियोजना हेतु प्रस्तावित संपूर्ण वनभूमि एवं गैर–वन भूमि का KML file अपलोड किया जाना आवश्यक है। | वन भूमि एवं गैर–वन भूमि हेतु KML file पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। | प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वनभूमि एवं गैर वनभूमि हेतु KML File PARIVESH Portal पर अपलोड कर सी0डी0 समर्पित की गई है, जो संलग्न है। |

प्राप्त निराकरण प्रतिवेदन की 5 प्रतियाँ संलग्न अग्रसारित करते हुए अनुरोध है कि आवश्यक अग्रतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

**अनु0 :– यथोक्त।**

विश्वासभाजन

**ह0/–**

वन संरक्षक,

प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

ज्ञापांक 196, दिनांक 21.02.2023

प्रतिलिपि :– प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, राँची को निराकरण प्रतिवेदन की एक प्रति के साथ सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

21-2-23

वन संरक्षक,
प्रादेशिक अंचल, बोकारो।

21/02/2023